लोक सभा अध्यक्ष ने वियतनाम के प्रधानमंत्री से मुलाकात की

नई दिल्ली 28 अक्तूबर, 2014: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज वियतनाम के प्रधानमंत्री, महामहिम श्री गुएन टेन डंग से मुलाकात की।

यह कहते हुए कि भारत और वियतनाम के बीच ऐतिहासिक और परस्पर विश्वास और आपसी समझबूझ पर आधारित घनिष्ठ और सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं, श्रीमती महाजन ने पिछले महीने माननीय राष्ट्रपति की वियतनाम यात्रा का उल्लेख किया जिससे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में नेताओं के बीच नियमित बातचीत और यात्राओं का महत्व उजागर हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश सद्भावपूर्ण विश्व व्यवस्था के निर्माण के लिए भगवान बुद्ध के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के शाश्वत संदेश में आस्था रखते हैं।

दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के बारे में श्रीमती महाजन ने कहा कि स्वस्थ द्विपक्षीय संबंधों के लिए सक्रिय आर्थिक संबंध आवश्यक हैं और उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि महामहिम श्री गुएन टेन डंग की वर्तमान यात्रा से ये संबंध और सुदृढ़ होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि द्विपक्षीय व्यापार की अपार संभावना है जिसका पूर्ण उपयोग किए जाने की आवश्यकता है। इस बात की सराहना करते हुए कि महामहिम के साथ वियतनाम के व्यापारी वर्ग के नेताओं का शिष्टमंडल भी है, श्रीमती महाजन ने रक्षा, विद्युत, वस्त्र, अवसंरचना, रसायन और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में कार्यात्मक सहयोग के विस्तार का आह्वान किया और कहा कि दोनों देश इन क्षेत्रों में सार्थक भागीदारी कर सकते हैं। कृषि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं का महत्वपूर्ण भाग है जिसमें महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उनका मत था कि आर्थिक क्षेत्र में अधिक सहयोग से आपसी संबंध और भी सुदृढ़ होंगे तथा दोनों देशों के लोगों का परस्पर लाभ होगा।

श्रीमती महाजन ने यह भी कहा कि संसदीय शिष्टमंडलों का आदान-प्रदान मजबूत संबंधों का एक अभिन्न अंग हैं। वर्ष 2011 में पूर्व अध्यक्ष की वियतनाम यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने आगंतुक गण्यमान्य अतिथि को बताया कि वह अगले साल अंतर-संसदीय संघ सम्मेलन में भाग लेने के लिए वियतनाम आएंगी। उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में दोनों संसद परस्पर लाभ के लिए एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगी जिससे उन्हें अपने अनुभव और सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने में मदद मिलेगी।